## NOTE FOR JUSTIFICATION

**परियोजना का नाम** :– जनपद पिथौरागढ के विधान सभा क्षेत्र पिथौरागढ के अन्तर्गत सुगौली चमाली रोड़ से मछीनाखोली कनारी विषाण तक मोटर मार्ग का नव निर्माण।

जनपद पिथौरागढ के विधान सभा क्षेत्र पिथौरागढ के अन्तर्गत सुगौली चमाली रोड़ से मछीनाखोली कनारी विषाण तक मोटर मार्ग की स्वीकृति उत्तराखण्ड शासन का पत्रांक संख्या 3975/III–(2)/17–44 (एम0एल0ए0)/2017 दिनांक 12/12/2017 द्वारा 3.00 किमी0 रू0 31.08 लाख स्वीकृत हुआ है।

उक्त प्रस्तावित मार्ग सुकोली डुड़खोली चमाली मोटर मार्ग के किमी0 3.000 से प्रारम्भ होता है और विषाड़ तक जाता है, जिसकी आबादी 662 है, जो अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नहीं जुड़ा है। इस मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में गॉव की महिलायें पानी,लकड़ी,चारा आदि लेने के लिए दूर जाती है, मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहमुल्य समय बचेगा। साथ ही वे अपने घर और पाल्यो को अधिक समय दे पायेगें जिससे कि पाल्यों का लालन पालन तथा पठन–पाठन ठीक से होगा। तथा कुपोषण जैसी भारी समस्या दूर होगी। गांव में चिकित्सालय एवं विद्यालय खुलने के और नये अवसर मिलेगें। ग्रामवासियों द्वारा अपने उत्पादित फल,सब्जी, अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पायेगें साथ ही ग्राम विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें।

यह समरेखण सिविल भूमि( राज्य भूमि ) वन पंचायत तथा नाप भूमि से होकर गुजरता है। समरेखण के अन्दर कोई मकान,मस्जिद,कब्रिस्तान का भाग नहीं पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि पर्वतीय क्षेत्रों में काश्तकारों की नाप भूमि के अतिरिक्त समस्त भूमि श्रेणी में ले ली गई है। इस प्रकार इस मार्ग के समरेखण में नाप भूमि 1.890 हे0,सिविल सोयम भूमि 0.360 हे0,वन पंचायत भूमि 0.450 हे0 प्रभावित हो रही है, जो न्यूनतम है एवं अपरिहार्य है, वन भूमि हस्तान्तरण करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत यह प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

विस्तृत सर्वेक्षण उपरान्त इस मार्ग के निर्माण हेतु दो समरेखणों पर विचार किया गया है, जिन्हें प्रस्ताव में संलग्न इन्डैक्स मानचित्र में अलग–अलग रंग से दर्शाया गया है।

**समरेखन न0–1** :– यह समरेखन सुकोली डुड़खोली चमाली मोटर मार्ग के किमी0 3.000 से प्रारम्भ होता है और विषाड़ तक जाता है तथा इस समेरखण से मार्ग बनाने में नाप भूमि प्रभावित हो रही है जिससे ग्रामवासी सहमत है। यह समरेखन मानचित्र में लाल रंग से दर्शाया गया है।

**समरेखन न0–2** :– यह समरेखन सुकोली डुड़खोली चमाली मोटर मार्ग के किमी0 3.000 से प्रारम्भ होता है और विषाड़ तक जाता है तथा इस समेरखण से मार्ग बनाने में नाप भूमि एवं वन भूमि अधिक प्रभावित हो रही है जिससे ग्रामवासी असहमत है। यह समरेखन मानचित्र में हरे रंग से दर्शाया गया है।

उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखण नं0 2 को निरस्त कर समरेखन नं0 1 को अनुमोदित किया जाता है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
पिथौरागढ़

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो. नि. वि.
पिथौरागढ़

प्रभागीय वन अधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग
पिथौरागढ़